भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 3343 #
गुरूवार, 21 अगस्त, 2025/30 श्रावण, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

बिहार में स्वदेश दर्शन योजना

3343 # डा. भीम सिंह:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत अब तक बिहार के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है तथा उसमें से कितनी धनराशि जारी की गई है और कितनी व्यय की गई है;

(ख) राज्य के किन पर्यटन स्थलों पर इस योजना के अंतर्गत कार्य स्वीकृत किए गए हैं और ऐसे कितने कार्य पूरे हो चुके हैं, लंबित हैं या प्रारंभिक चरण में हैं;

(ग) क्या यह सच है कि योजना की प्रगति धीमी रही है जिसके कारण पर्यटन से संभावित लाभ सीमित हो रहे हैं; और

(घ) क्या सरकार प्रत्येक परियोजना का स्थल-वार ब्यौरा, व्यय की स्थिति और पूरा करने की समय-सीमा को सार्वजनिक करने का विचार रखती है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (घ): स्वदेश दर्शन योजना (एसडीएस) के अंतर्गत पर्यटन मंत्रालय ने बिहार में 5 परियोजनाओं सहित देश में 76 परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिनका विवरण निम्नानुसार है:

(करोड़ रु. में)

परियोजना का नाम	परिपथ/ स्वीकृति वर्ष	स्वीकृत राशि	जारी/प्राधिकृत राशि	उपयोग की गई राशि (यूसी के अनुसार)	भौतिक प्रगति की रिपोर्ट
वैशाली - आरा - मसाद - पटना - राजगीर - पावापुरी - चंपापुरी का विकास	तीर्थंकर परिपथ 2016-17	33.96	30.04	29.36	पूर्ण
कांवरिया मार्ग: सुल्तानगंज - धर्मशाला - देवघर का विकास	आध्यात्मिक परिपथ 2016-17	44.76	42.52	42.17	पूर्ण
बौद्ध परिपथ का	बौद्ध	95.18	95.18	95.18	पूर्ण

विकास - बोधगया में कन्वेंशन सेंटर का निर्माण	परिपथ 2016-17				
भितिहरवा - चंद्रहिया - तुर्कौलिया का विकास	ग्रामीण परिपथ 2017-18	44.27	40.31	40.31	पूर्ण
मंदार हिल और अंग प्रदेश का विकास	आध्यात्मिक परिपथ 2017-18	44.55	42.32	42.32	पूर्ण

पर्यटन मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 के नाम से नया रूप दिया है और 2024-25 में 165.44 करोड़ रुपये की लागत से 'बोधगया में बौद्ध ध्यान एवं अनुभव केंद्र का विकास' परियोजना को मंज़ूरी दी है। इसके अतिरिक्त, स्वदेश दर्शन योजना की एक उप-योजना, 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)' के अंतर्गत मंत्रालय ने 2024-25 में 24.29 करोड़ रुपये की लागत से 'सोनपुर मेला मैदान, सारण में पर्यटक सुविधाओं का विकास' परियोजना को भी मंज़ूरी दी है। बिहार में एसडी 2.0 और सीबीडीडी के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाएँ कार्यान्वयन के प्रारंभिक चरण में हैं। एसडीएस, एसडी 2.0 और सीबीडीडी के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची पर्यटन मंत्रालय की वेबसाइट www.tourism.gov.in पर अपलोड की गई है।

*****